ੴ ਸਤਿਗੁਰ ਪ੍ਰਸਾਦਿ

राष्ट्रीय सिख संगत

'**संगत भवन**' 7441, तेलमिल गली, कुतुब रोड, रामनगर, पहाड़गंज, नई दिल्ली-110055

दूरभाष/फैक्स : 011-23634850. 23637753, +91 9958989011

Email : sikhsangat@khalsa.com   Website : sangatsansar.com

प्रैस नोटः-

दिनांक : 09-11-2017

पत्र

परम सत्कारयोग सिंघ साहिब ज्ञानी गुरबचन सिंह जी,
जत्थेदार श्री अकाल तख्त साहिब, अमृतसर

वाहिगुरू जी का खालसा, वाहिगुरू जी की फतहि ।

आप द्वारा हमारे संगठन को सुनवाई का हुंगारा देकर हमारे दर्द पर मरहम लगाया है जिसके लिए हम आपका आभार प्रर्दशित करतें हैं। हम अकाल तख्त साहिब के प्रति अपार सम्मान का प्रगटावा करतें हैं। हमारा संगठन गुरवाणी के आधार पर समरसता व सद्भाव बनाते हुए एक सशक्त भारत खड़ा करना चाहता है। भारत में पंजाब से बाहर दूर-दराज तक फैले गुरसिखों की सामूहिक-सामाजिक- धार्मिक-आर्थिक व सुरक्षा आदि विषयों में सदैव अग्रणी भूमिका निभाता रहा है तथा सिखों के गौरव व सम्मान को पंजाब से बाहर पुर्नस्थापित किया है व इस हेतु हम सदैव कृतसंकल्पित हैं। हम यह भी स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि संगत केवल श्रीगुरुनानक देव जी महाराज की परंपरा की है। उसी संगत के निमाणे दास बनकर पूरे भारत में उनकी सेवा में कुछ भूमिका निभाना चाहते हैं इसलिए इसका नाम राष्ट्रीय सिख संगत रखा गया है। सिख संगत को किसी एक देश में बांधना भी उचित नही है लेकिन हमारा कार्यक्षेत्र केवल भारत होने से इसके नाम के साथ राष्ट्रीय शब्द जोड़ा गया है। जैसा कि लैफ्टिनेंट जनरल जगजीत सिंह जी अरोड़ा द्वारा नैशनल सिख फोरम बनाया था। यहां यह स्पष्ट करना भी समीचीन होगा कि दिनांक 25 अक्टुबर, 2017 को श्री गुरूगोविंद सिंह जी महाराज का प्रकाश पर्व नही मनाया गया बल्कि सारे देश में मनाये जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में, उनके 350वें प्रकाशवर्ष को समर्पित विशेष समागम आयोजित किया गया था जिसमें गुरू साहिबान का यशगान किया गया था। स्टेडियम में कुर्सियां लगी होने के कारण तथा कुर्सियां उंचे स्थान पर होने के कारण, मर्यादा को ध्यान रखते हुए श्री गुरुग्रंथ साहिब जी का प्रकाश नही किया गया था। हमारे द्वारा श्री गुरुगोविंद सिंह जी महाराज के प्रकाश पर्व के नाते 3 प्रकार के सार्वजनिक कार्यक्रम किये गये हैं। एक वे जो विद्यालयों में बच्चों के बीच में संबोधन किया जाता है, दूसरे वे जिसमें गोष्ठी के रूप में विभिन्न वक्ताओं के माध्यम से उनके जीवन के विभिन्न पक्षों पर चर्चा होती है। इन दोनों तरह के कार्यक्रम में श्री गुरुग्रंथ साहिब जी का प्रकाश नही किया जाता। तीसरे वे बड़े समागम हैं जिसमें समाज के बड़े समूह की भागीदारी रही है। ऐसे कार्यक्रम युगो-युग अटल श्री गुरुग्रंथ साहिब जी महाराज की पावन हजूरी में आयोजित हुए हैं। इन सारी परिस्थितियों व तथ्यों को आपके और आपके माध्यम से सारे सिख जगत के समक्ष वस्तुस्थिति रखने के लिये यह पत्र लिख रहा हूं जिसमें संक्षेप में मुद्दों पर कुछ कथन किये गये हैं जिसका विस्तार आपके दर्शन करने पर निवेदन किया जावेगा। इस पत्र की कॉपियां चार तख्त साहिबानों के सत्यकारयोग जत्थेदार साहिबान जी को भी प्रेषित की गई है।

संगता का दास
स. गुरचरन सिंह गिल
राष्ट्रीय अध्यक्ष
राष्ट्रीय सिख संगत

जारीकर्ता- डॉ. अवतार सिंह शास्त्री
राष्ट्रीय महासचिव